

# समस्या पर लामबंद हुए पार्षद और रहवासी

## राजगढ़ के वार्ड 14 निवासियों ने सौंपा ज्ञापन, दो दशक से बदहाल है मुख्य सड़क

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 15 जुलाई, का. राजगढ़ के वार्ड 14 में मुख्य मार्ग की सड़क बुरी तरह जर्जर हो चुकी है. राहगीरों को आवाजाही में भारी दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है. दो दशक से सड़क उखड़ी पड़ी है. इसको लेकर वार्ड पार्षद द्वारा रहवासियों के साथ ज्ञापन सौंपा गया.**

पार्षद मोहित तंवर द्वारा कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया जिसमें कहा गया कि वार्ड में पीपल्बे सोसायटी से बाराद्वारी तक, परेड ग्राउण्ड के पीछे, छात्रावास के यहां सड़क काफी जीर्णशीर्ण अवस्था में है. 20-22 वर्षो से सड़क दयनीय अवस्था में है.



### हाथों में तख्तियां लेकर पहुंचे

अपने वार्ड की समस्याओं को लेकर ज्ञापन देने पहुंचे वार्ड 14 के रहवासी हाथो में तख्तियां लिए नारे लगाते हुए चल रहे थे. आजमन की समस्या के प्रति अनदेखी को लेकर नाराजगी जता रहे थे. इस दौरान बड़ी संख्या में रहवासी मौजूद रहे.

### पट्‌टे देने की भी मांग

वार्ड पार्षद द्वारा कहा गया कि वार्ड में शासन की भूमि पर वर्षो से कई परिवार निवास कर रहे है, किंतु उनको वैद्य रुप से आज तक पट्‌टे नहीं मिले. ऐसे परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं में पात्रता के बाद भी वंचित है. सर्वे करवाकर ऐसे परिवारों को पट्‌टा प्रदान करने की मांग की है.

### टेंडर हुए कई माह गुजरे

सड़क निर्माण का टेंडर हुए ही कई माह गुजर गये है किंतु आज तक निर्माण कार्य शुरु नहीं हो सका है. पार्षद का कहना है कि उनके द्वारा कई बार लिखित एवं मौखिक रुप से नपा में अवगत कराया गया. लेकिन हर बार राशि नहीं होने की बात कह दी जाती है. सड़क खराब होने से रहवासियों, राहगीरों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है. दोपहिया वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो रहे है.



# 205 किमी पैदल चलकर 71 किलो की कावड़ लेकर आये

## देश की रक्षा में तैनात सैनिक कांवड़ लाने अवकाश लेकर आये

**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 15 जुलाई, का. श्रावण माह में भोलेनाथ के भक्तों में अपार उत्साह देखा जा रहा है. श्रद्धालु कठिन से कठिन तपस्या कर कई किमी दूर से भारी भरकम कांवड़ लेकर आ रहे है. इसी तरह की एक अनोखी कांवड़ क्षेत्र में देखने को मिली है. ग्राम तालौड़ी निवासी आर्मी में पदस्थ देश की रक्षा में तैनात सैनिक हरिओम गुर्जर उज्जैन स्थित क्षिप्रा नदी से जल भरकर 71 किलो वजनी कांवड़ लेकर आये है, इस जल से वह गांव के मंदिर में विराजमान भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे.**

जानकारी के अनुसार तालौड़ी निवासी सैनिक हरिओम गुर्जर बीते चार सालो से श्रावण माह में कांवड़ ला रहे है. इसके लिए वह श्रावण माह में अवकाश लेकर आते है और पूरी श्रद्धा, भक्तिभाव के साथ कई किमी पैदल चलकर कांवड़ लाते है.

इस बार वह उज्जैन से कांवड़ लेकर आये है. धर्मप्रेमी नागरिकों द्वारा स्थान-स्थान पर जोरदार स्वागत किया जा रहा है. उनके साथ केदार गुर्जर, होकम गुर्जर, गब्बर गुर्जर, महाराज राजगिरी, मेहरबान गुर्जर, बलवंत, हषि रहे है.

## एक नजर में

### लायंस क्लब का शपथ विधि समारोह आज

**सारंगपुर 15 जुलाई, सं.** लायंस क्लब सारंगपुर की नवीन कार्यकारिणी का शपथ विधि समारोह आज होगा. अध्यक्ष रूपेश जोशी एवं नवीन कार्यकारिणी का शपथ विधि समारोह आज स्थानीय मदन गंगा गार्डन में होगा. शपथ अधिकारी के रूप में लायंस क्लब भोपाल से महेश मालवीय, मुख्य अतिथि राज्यमंत्री गौतम जी टेटवाल, विशेष अतिथि पंकज पालीवाल अध्यक्ष नपा एवं ब्रह्माकुमारी विजयलक्ष्मी दीदी उपस्थित रहेंगे. कार्यक्रम शाम 6.30 बजे होगा. उक्त जानकारी नव नियुक्त सचिव प्रदीप चौहान द्वारा दी गई.

### श्रावण सवारी की तैयारी को लेकर बैठक

**सारंगपुर 15 जुलाई, सं.** महादेव मित्र मंडल के तत्वाधान में इस बार भी भव्य श्रावण सवारी राजसी ठाठ बाट के साथ माह के चौथे सोमवार 4 अगस्त को बटकेश्वर महादेव मंदिर गांधी पार्क से निकलेगी .बाबा महादेव नगर भ्रमण कर भक्तों को दर्शन देंगे. शाही सवारी की तैयारी को लेकर बाटकेश्वर महादेव मंदिर परिसर पर उपाध्यक्ष मनोहर सोनी की अध्यक्षता में बैठक रखी. महेश पाटीदार को श्रावण सवारी प्रभारी का दायित्व सौंपा गया. कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में मनोहर सोनी एवं सवारी सह प्रभारी की जिम्मेदारी प्रकाश पुरी को सौंपी. संचालन ब्रजकिशोर चौहान ने किया. इस अवसर पर मंडल परामर्श, कार्यकारिणी पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे.

### जनसुनवाई में सुनी समस्याएं

**राजगढ़ 15 जुलाई, का.** जिला मुख्याकलय पर प्रति मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में आमजन की समस्याओं का निराकरण किया जाता है. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा 15 जुलाई को आयोजित जनसुनवाई में ग्राम नरसिंहगढ़ निवासी दिलीप जाट ने बताया कि आवेदक को दिव्यांग पेंशन का लाभ पहले दिया जा रहा था लेकिन अब 4 से 6 माह से दिव्यांग पेंशन नहीं मिल रही है. कलेक्टर द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नरसिंहगढ़ को जांच हेतु निर्देशित किया गया. इस दौरान अपर कलेक्टर शिवप्रसाद मंडराह सहित संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद थे. जनसुनवाई में ग्राम बैरसिया निवासी रामचरण ने बताया कि आवेदक को मुख्यिमंत्री एवं प्रधानमंत्री फसल हानि की राशि प्राप्त नहीं हो रही है. कलेक्टर द्वारा तहसीलदार नरसिंहगढ़ को जांच हेतु निर्देशित किया गया.

# तत्परता से पकड़े आरोपी

## युवक की चाकू से हत्या के मामले में पुलिस ने की कार्यवाही

**नवभारत न्यूज**

**जीरापुर15 जुलाई, सं. विगत दिवस एक युवक की चाकू से हत्या के मामले में पुलिस द्वारा आरोपियों को 48 घंटे में के भीतर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया.**

पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के नेतृत्व में अपराधों की रोकथाम करने चलाई जा रही मुहिम के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के. एल. बंजारे के निर्देशन एवं एसडीओपी आनंद राय के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रवि ठाकुर एवं उनकी टीम द्वारा आरोपियों को पकड़ने में सफलता हासिल की. संजू उर्फ दीपक पिता बापुलाल मालवीय निवासी आवास कालोनी के साथ लड़ाई झगड़ा कर हत्या होने कि सुचना प्राप्त होने पर थाना प्रभारी द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए घटना मे घायल संजु उर्फ दीपक को अस्पताल के लिये रेफर किया.

फरियादी शिवनारायण मालवीय पिता जगन्नाथ मालवीय निवासी बटावदा रोड जीरापुर के द्वारा सोनू सोनी पिता सुरेश सोनी, मोनू पिता पप्पुपाल परमार, बीरम पिता दरियाब सौंधिया, राजेन्द्र उर्फ राजू पिता मांगीलाल, श्रीओम पिता नवरतन उर्फ रामरतन के विरुद्ध अपने साले संजू उर्फ दीपक मालवीय की हत्या की रिपोर्ट की.

अलग अलग टीमों के द्वारा घटना के चंद घंटो में बीरम, राजेन्द्र को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें जिला जेल भेजा गया.

पुलिस अधीक्षक द्वारा शेष आरोपीगण की गिरफ्तारी हेतु 10 हजार इनाम की घोषणा की है. 13 जुलाई को फरार आरोपीगण सोनू सोनी, मोनू, श्रीओम को गिरफ्तार किया. घटना में प्रयुक्त चाकू को जप्त किया है.

उक्त कार्य में थाना प्रभारी रवि ठाकुर, उनि संतोष सिंह, एफ कुजुर, सउनि मधुसुदन शर्मा, श्यामलाल धुर्वे, जगदीश यादव, प्रधान आरक्षक देवेन्द्र यादव, देवीसिंह, अनिल नायक, श्याम पाटीदार, ममता दांगी, भोलेराम, कमल, आरक्षक रवि जाट, सुनिल, पंकज, जुगल, महेन्द्र, मनोज, महिला आरक्षक सीमा सिंह, सैनिक ईश्वर, भारत, शिव प्रसाद, माचलपुर थाना प्रभारी पूजा परिहार, उनि गुड्डू कुशवाह, रविन्द्र, विष्णु जाट, भोजपुर थाना प्रभारी रजनीश सिरोठिया, मो. इरशाद, थाना खिलचीपुर उनि विष्णु मीणा, प्रधान आरक्षक मंगलेश मीणा, आरक्षक आनंदीलाल, उनि अजय यादव, फतेहसिंह, सायबर सेल प्रभारी उनि विवेक शर्मा, प्रधान आरक्षक कुलदीप, आरक्षक अशोक की सराहनीय भूमिका रही.

# कलेक्टर ने किया निर्माणाधीन कार्य का निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 15 जुलाई, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने सोमवार को जिले के नरसिंहगढ़ में निर्माणाधीन संजीवनी क्लिनिक भवन का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान संजीवनी क्लिनिक में ठेकेदार द्वारा अत्यधिक लापरवाही पूर्वक काम किया गया है. अब तक प्रगति कम है, अभी तक काम पूर्ण हों जाना चाहिए था पर नहीं हुआ है. मुख्य नगर पालिका अधिकारी अभिषेक जैन ने जानकारी दी की इस संजीवनी क्लिनिक से संबंधित फाइल भी पूर्व सी.एम.ओ. एवं सब इंजीनियर अपने साथ ही ले गए. बिना कार्य के अग्रिम भुगतान कर दिया गया है. आज दिनांक तक पेवर ब्लॉक एवं बाउंड्री वाल का काम नहीं हुआ है. कलेक्टर द्वारा कार्य पूर्ण कर 15 दिन में बिल्डिंग हैंड ओवर के निर्देश दिए गए हैं. अन्यथा की स्थिति में सी.एम.ओ. एवं सब इंजीनियर तथा ठेकेदार के विरुद्ध एफ.आई.आर. दर्ज कराए जाने के निर्देश दिए गए. भ्रमण के दौरान उन्होंने एसडीएम कार्यालय का भी निरीक्षण किया.

# महान लेखकों की पुस्तकें पढ़ उत्साहित हुए विद्यार्थीगण

## प्रोग्रेसिव हाइट्स स्कूल में लगा पुस्तक मेला

**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 15 जुलाई, का.** नगर की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था प्रोग्रेसिव हाइट्स स्कूल में पुस्तक प्रेमियों के लिए एक विशेष आयोजन करते हुए पुस्तक मेला लगाया जिसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों ने उत्साह के साथ शामिल होकर महान लेखकों की पुस्तकों को पढ़ा. पुस्तक पढ़कर काफी उत्साहित हुए. मेले का आयोजन पीतांबरी बुक हाउस एवं प्रोग्रेसिव हाउस के संयुक्त तत्वावधान में किया गया.

मेले में हिंदी साहित्य, अंग्रेजी लिटरेचर, बाल उपन्यास, प्रेरणात्मक कहानियां, विभिन्न विधाओं की पुस्तकें प्रदर्शित की गई. हिंदी साहित्य में मुंशी प्रेमचंद, महादेवी वर्मा, सुभद्रा कुमारी चौहान, हरिशंकर परसाई, सुधा मूर्ति जैसे लेखकों की प्रसिद्ध रचनाएं विद्यार्थियों के आकर्षण का केन्द्र रही. अंग्रेजी में भी कई प्रख्यात लेखकों के उपन्यास, कहानियों की पुस्तके उपलब्ध रही.

मेले में बच्चों के लिए विशेष तौर पर पंचतंत्र की कहानियां, कॉमिक्स, ड्राइंग और आर्ट एक्टिविटी की किताबे भी रखी गई जिन्होंने छोटे बच्चों को रचनात्मकता की और प्रेरित किया. विद्यालय प्रबंधक ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में पठन रुचि, भाषा दक्षता, और कल्पनाशक्ति को निखारते है. यह मेला वास्तव में एक ज्ञान और आनंद का संगम रहा.


### श्रावण सवारी की तैयारी को लेकर बैठक

**सारंगपुर 15 जुलाई, सं.** महादेव मित्र मंडल के तत्वाधान में इस बार भी भव्य श्रावण सवारी राजसी ठाठ बाट के साथ माह के चौथे सोमवार 4 अगस्त को बटअध्यक्षता में बैठक रखी. महेश पाटीदार को श्रावण सवारी प्रभारी का दायित्व सौंपा गया. कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में मनोहर सोनी एवं सवारी सह प्रभारी की जिम्मेदारी प्रकाश पुरी को सौंपी.


### जन-जागरूकता

**राजगढ़ 15 जुलाई, का.** नशामुक्त बनाने की दिशा में मध्यप्रदेश पुलिस ने एक वृहद जन-जागरूकता अभियान नशे से दूरी है जरूरीकी शुरुआत की है. यह अभियान 15 से 30 जुलाई तक पूरे राज्य में संचालित किया जाएगा.

# विवेकानंद एकेडमी की छात्रा नेशनल हेतु चयनित

**ब्यावरा 15 जुलाई, का.** विवेकानंद एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल ब्यावरा के दो खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय खेलो इंडिया अस्मिता वूमेंस लीग में पेंचक सिलाट मार्शल आर्ट्स प्रतियोगिता में 12 से 13 जुलाई को इंदौर में भाग लिया.



विद्यालय की खिलाड़ी प्रतिज्ञा दांगी ने स्वर्ण पदक और मनीषा यादव ने रजत पदक प्राप्त किया. कोच धर्मराज दांगी ने बताया कि स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी वेस्ट जोन अस्मिता वूमेंस लीग में विद्यालय व मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगी. साथ ही ब्लॉक स्तरीय खो- खो प्रतियोगिता में विद्यालय की 17 वर्ष बालिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया. ये टीम जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुई है. एवं 17 वर्ष बालक टीम उपविजेता रही. इस अवसर पर संस्था संचालक शिवम चंद्रवंशी, प्राचार्या अंकिता गुप्ता सहित समस्त स्टाफ ने बधाई व शुभकामनाएं दी.

**समस्या** दुर्घटना का इंतजार कर रहा विभाग, उखड़ी सड़को से आवागमन दिक्कतों भरा

# अनदेखी, लापरवाही की हद, सड़क पर जानलेवा गड्ढे

**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 14 जुलाई, का. किसी समस्या की इतनी अधिक अनदेखी करते हुए उसके प्रति लापरवाही बरती जाये कि वह लोगों की जान पर ही बन आये. ऐसा ही कुछ इन दिनों नगर में देखा जा सकता है, यहां सड़को पर हा रहे जानलेवा गड्ढे के कारण लोगों का आना-जाना भी जोखिम भरा हो रहा है. इससे अधिक चिंता की बात यह है कि संबंधित विभाग के जिम्मेदारों की अनदेखी बनी हुई है वहीं जिम्मेदारों ने आमजन की इस समस्या पर मौन साध रखा है.**

वर्षाकाल के पूर्व सड़को की मरम्मत का कार्य कर लिया जाता है. उखड़ी सड़के, गड्ढो की मरम्मत की जाती है ताकि आवाजाही में दिक्कतों का सामना न करना पड़े. परन्तु नगर में सड़को की जो स्थिति है वह भयावह है. सड़के उखड़ी है. विशालकाय गड्ढे हो रहे है. इनमें बारिश का पानी भर जाने से दुपहिया वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो रहे है.



**कल्पना से परे ऐसे हालात** नगर में सड़के इस कदर उखड़ चुकी है कि इसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती है. इंदौर नाका के पुराने पुल के समीप विशालकाय गड्ढा होकर उसमें बारिश का पानी जमा है. दुपहिया वाहन चालक, पैदल राहगीर सड़क की साइड से बमुश्किल निकल पा रहे है. पानी भरा होने से कई वाहन चालक अनजाने में गड्ढे में जा पहुंचते है. लोग चोटिल हो रहे है. इसी तरह अहिंसा द्वार पुल के समीप, पुराना तहसील रोड जूना ब्यावरा, गुड़ चौराहा के समीप, राजगढ़ रोड पर श्री राधाकृष्ण मंदिर के समीप, सिविल अस्पताल रोड, सुठालिया बायपास रोड, रेल्व स्टेशन रोड सहित कई स्थानों पर सड़क बुरी तरह उखड़कर दुर्घटना को आमंत्रण देने वाले हालात बने हुए है.

### गंभीरता से नहीं ले रहा विभाग

पुराना ए.बी.रोड, राजगढ़ रोड, सिविल अस्पताल रोड, सुठालिया बायपास मार्ग पीडब्ल्यडी विभाग के तहत आते है. विभाग के जिम्मेदार सड़को के हालातों से अवगत है. बावजूद इसके इस समस्या को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है. आमजन की इस समस्या को लेकर समाचार पत्रों में कई बार प्रमुखता से खबरें प्रकाशित होने पर भी बराबर अनदेखी बनी हुई है.

---

जल्द ही जहां-जहां सड़क उखड़ी होकर गड्ढे हो रहे है वहां मटेरियल बिछाकर मरम्मत करवाई जाएगी ताकि राहगीरों को आवाजाही में परेशानी न हो

**पी.एन. धनवाल**
**प्रभारी एसडीओ, पीडब्ल्यूडी विभाग ब्यावरा**


